**24/05**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह कल मिजोरम के आइजोल में पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी क्षेत्रों में लागू की जा रही विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करना है। साथ ही, इन क्षेत्रों के सतत विकास, किसानों के कल्याण और आजीविका में सुधार के लिए भविष्य की रणनीतियों पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक के दौरान, 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' और 'मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष' के तहत बत्तीस करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और उनकी आधारशिला रखेंगे।

000000000000000000000000

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों – इंडियन ऑयल, BPCL और HPCL ने जनता को आश्वासन दिया है कि अरुणाचल प्रदेश भर में पेट्रोल, डीज़ल और लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) की उपलब्धता पर्याप्त और बिना किसी रुकावट के बनी हुई है। कंपनियों ने सूचित किया कि अरुणाचल प्रदेश में समग्र आपूर्ति की स्थिति स्थिर है। संपूर्ण ईंधन आपूर्ति श्रृंखला, जिसमें टर्मिनल, प्राथमिक थोक भंडारण डिपो, LPG बॉटलिंग प्लांट, खुदरा बिक्री केंद्र और LPG वितरक शामिल हैं, बिना किसी बाधा के काम कर रही है।

दैनिक खेप निर्धारित समय पर भेजी जा रही हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राज्य के हर ज़िले में पर्याप्त भंडार बना रहे। इस बीच, उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी सामान्य खरीदारी की आदतें जारी रखें और घबराकर ज़्यादा खरीदारी करने या जमाखोरी करने से बचें। जनता को आगे सलाह दी गई है कि ईंधन की उपलब्धता के बारे में प्रामाणिक और सत्यापित जानकारी के लिए वे केवल तेल विपणन कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

0000000000000000000

केंद्रीय सरकार ने VB-G RAM G Act, 2025 के तहत, व्यापक जन परामर्श के लिए मसौदा नियम प्रकाशित किए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, हितधारक, संगठन या संस्था, अगले महीने की इक्कीस तारीख तक इन मसौदा नियमों पर अपनी आपत्तियां या सुझाव विचारार्थ प्रस्तुत कर सकती है। आकाशवाणी संवाददाता की रिपोर्ट है कि 'विकसित भारत-G RAM G Act' ने 20 साल पुराने 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' (MGNREGA), 2005 का स्थान लिया है। इस नए अधिनियम का उद्देश्य एक वित्तीय वर्ष में वैधानिक रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करना है।

000000000000000000000

राज्य के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाइक ने कल नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में 'सैनविनियंस' की वार्षिक बैठक में भाग लिया। सैनिक स्कूल, रीवा के पूर्व छात्र और पहले बैच के सदस्य राज्यपाल ने कहा कि सैनिक स्कूलों ने अनुशासित, देशभक्त और सेवा-भाव वाले युवाओं की पीढ़ियों को तैयार करके राष्ट्र-निर्माण में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि चरित्र, अनुशासन, नेतृत्व, शैक्षणिक उत्कृष्टता और राष्ट्रीय भावना पर उनके ज़ोर ने ऐसे ज़िम्मेदार नागरिकों को गढ़ने में मदद की है जो राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत 'विकसित भारत' के विज़न की ओर आगे बढ़ रहा है, सैनिक स्कूल अनुशासित नेतृत्व, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र के भविष्य की रक्षा व उसे आगे बढ़ाने में सक्षम एक मज़बूत पीढ़ी के निर्माण में महत्वपूर्ण संस्थान बने रहेंगे।

0000000000000000000000000

उप-मुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज ईटानगर में ट्रीम्स फैकल्टी एसोसिएशन (TFA) के कार्यकारी निकाय के सदस्यों के साथ बातचीत की। बैठक का विवरण साझा करते हुए उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि संस्थान, फैकल्टी के कल्याण, शैक्षणिक माहौल और मेडिकल कॉलेज के समग्र विकास से जुड़े मामलों पर रचनात्मक चर्चा हुई। इस बीच श्री मेन ने आश्वासन दिया है कि उठाए गए सभी मुद्दों पर पूरी गंभीरता से विचार किया जाएगा और राज्य में स्वास्थ्य सेवा शिक्षा और सेवाओं को मजबूत करने के व्यापक हित में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

0000000000000000000000

2 अरुणाचल प्रदेश बटालियन NCC, तवांग ने कल जवाहर नवोदय विद्यालय, तवांग में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (CATC)-19 को सफलतापूर्वक संपन्न किया। तवांग और वेस्ट कामेंग जिलों के कुल एक सौ चौसठ एन सी सी कैडेटों ने इस दस-दिवसीय शिविर में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस शिविर का आयोजन कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। शिविर की गतिविधियों के एक हिस्से के रूप में, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) द्वारा 'युवा आपदा मित्र योजना' प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुल पचानवें SD/SW कैडेटों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

मौसम विज्ञान केंद्र, ईटानगर ने प्रदेश के सियांग, अपर सियांग और तिराप ज़िलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। इन ज़िलों में आज कुछ जगहों पर बिजली कड़कने के साथ तूफ़ान और बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा, पापुम पारे सहित 15 ज़िले 'येलो अलर्ट' ज़ोन में हैं। इस बीच, अपर सुबनसिरी ज़िले में भारी बारिश का कहर जारी है, जिससे सड़कों, पुलों, घरों और कृषि संपत्तियों को भारी नुकसान पहुँचा है। रिपोर्टों के अनुसार, चेतम-गुहा PMGSY सड़क को भारी नुकसान पहुँचा है। जेके और निलिंग के बीच नियो कारो नदी पर बना पुल पूरी तरह से ढह गया है जिससे वहा के यात्रियों तथा स्थानीय निवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

00000000000000000000

लोअर सियांग ज़िले की U-16 फ़ुटबॉल टीम ने वेस्ट सियांग ज़िले के आलो में खेले गए सेमीफ़ाइनल मैच में, एक रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में कैयी पेनयोर को 6-5 से हराकर, हांगपंग दादा मेमोरियल ट्रोफी दो हजार छब्बीस के 9वें संस्करण के फ़ाइनल में जगह बना ली है। इस जीत के साथ, लोअर सियांग ने इस प्रतिष्ठित राज्य-स्तरीय टूर्नामेंट के ग्रैंड फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। फ़ाइनल मैच कल दोपहर 1:00 बजे वेस्ट सियांग ज़िले के आलो स्टेडियम में लोअर सियांग और पापुम पारे के बीच खेला जाएगा।

00000000000000000